Regarding upgrading the Hospitals in view of better health services and need for proper disposal of garbage

श्री संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर-पूर्व) : सर, मैं मुंबई नार्थ-ईस्ट को रिप्रेज़ेंट करता हूँ। सर, मेरी कॉन्स्टिट्यूएंसी में पूरी मुंबई का कचरा है। ?(व्यवधान) पूरी मुंबई में जो कचरा जनरेट होता है, वह मेरे यहां आता है। उसकी वजह से रोग बढ़ते हैं। मेरे क्षेत्र में हॉस्पिटल की सर्विसेज़ एकदम बेकार हैं। एक जनरल हॉस्पिटल पिछले 12 सालों से बन रहा है। ईएसआईसी हॉस्पिटल की कंडीशन डिप्लीटिड है। कोई अच्छा आदमी वहां जाए तो बीमार हो जाए। हमारा दूसरा जनरल हॉस्पिटल राजावाड़ी की भी कंडीशन बहुत खराब है। भांडूप में एक हॉस्पिटल अभी बनना शुरू हुआ है, वह कब बनेगा, यह पता नहीं है। विकरोली के अस्पताल का पता नहीं है। सबसे ज्यादा कचरा, मेडिकल वेस्ट भी वहां आता है, जिससे सबसे ज्यादा बीमारी होती है। ?(व्यवधान) शिवाजीनगर-गोवंडी तालुका में सबसे ज्यादा रोग-राई है। वहां के लोग सबसे ज्यादा ट्यूबरक्लोसिस से पीड़ित हैं। इतनी कंडीशन खराब है, गवर्मेंट के सर्वे में ऐसा दिखाया गया है कि वहां के रहने वाले लोगों की आयु दस से 15 साल बाकी लोगों से कम हो गई है। वहां बड़ा हॉस्पिटल होना चाहिए। परंतु हॉस्पिटल न होते हुए, एक ओपीडी है। मेरे यहां पर हॉस्पिटल की सर्विस बहुत बेकार है। मेरी आपसे विनती है कि आपके माध्यम से हॉस्पिटल सर्विस मेरे यहां आए और कचरे की वजह से दुर्गंध और बीमारी फैल रही है, वह जल्द से जल्द बंद होनी चाहिए। बहुत लोगों की कंडीशन वहां खराब है। बहुत ज़रूरी है कि वहां पर हॉस्पिटल सर्विसेज़ अच्छी हों।